**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांक 04.10.2023** **समय 18.30**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जोधपुर में प्रदेश की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे ।**
- **केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी, दो सौ रुपये से बढ़ाकर तीन सौ रुपये प्रति सिलेंडर करने की मंजूरी दी।**
- **निर्वाचन विभाग ने संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया–मतदाताओं की संख्या बढ़कर 5 करोड़ 26 लाख से ऊपर हुई।**
- **जयपुर में आज से सुशासन पर दो दिन का क्षेत्रीय सम्मेलन शुरू।**

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जोधपुर दौरे पर रहेंगे। वे जोधपुर में प्रदेश की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री जोधपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में साढे तीन सौ बिस्तरों के ट्रोमा सेंटर और सात क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स की आधारशिला रखेंगे। श्री मोदी जोधपुर हवाई अड्डे पर अत्याधुनिक नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास करेंगे। इसे लगभग 24 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में चार सौ 80 करोड़ रूपये की लागत से बनाया जाएगा। श्री मोदी आईआईटी जोधपुर परिसर का भी लोकार्पण करेंगे। इसके निर्माण पर एक हजार एक सौ 35 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। वे राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में बुनियादी ढांचा विकास के तहत प्रयोगशाला, कर्मचारी आवास तथा खेलकूद और योग विज्ञान केंद्र का भी उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी विश्वविद्यालय में केंद्रीय पुस्तकालय और छात्रावास भवन का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री लगभग एक हजार चार सौ 75 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सड़क परियोजनाओं का भी शुभारंभ करेंगे। इस दौरान श्री मोदी दो नई रेलगाड़ियों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसमें जैसलमेर से दिल्ली तक की रूणिचा एक्सप्रेस और मारवाड़ जंक्शन से कामलीघाट तक की धरोहर रेलगाड़ी शामिल हैं। इनके अलावा प्रधानमंत्री दो अन्य रेल परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें एक सौ 45 किलोमीटर लंबी डेगाना–राई का बाग रेललाइन और 58 किलोमीटर लंबी डेगाना–कुचामन सिटी रेल लाइन के दोहरीकरण की परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री जोधपुर में जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे।

000

केन्द्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी प्रति सिलेंडर एक सौ रुपये बढ़ा दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी बढाने की मंजूरी दी है।

..................

श्री ठाकुर ने बताया कि मंत्रिमंडल ने तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच फैसले के लिए, अंतर–राज्य नदी जल विवाद अधिनियम, 1956 के अंतर्गत कृष्णा जल विवाद न्यायाधिकरण–द्वितीय के संदर्भ की शर्तों को भी मंजूरी दी है। विवाद के समाधान से दोनों राज्यों में विकास के नये रास्ते खुलेंगे। श्री ठाकुर ने बताया कि तेलंगाना में सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 में संशोधन को भी मंजूरी दी गई है।

000

भरतीय जनता के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आज जयपुर में प्रदेश भाजपा के 'आपणो राजस्थान, सुझाव आपका संकल्प हमारा' अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत भाजपा आगामी चुनाव के लिये जारी किए जाने वाले संकल्प पत्रों के सुझाव लेगी। श्री नड्डा ने आज इस अभियान के रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री नड्डा ने कहा कि जनता के सुझाव से बनने वाला संकल्प पत्र एक दस्तावेज ही नहीं बल्कि यह लक्ष्य होगा, जिसे पूरा करना है। उन्होंने कहा कि प्राधनमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिपोर्ट कार्ड की संस्कृति शुरू की है। जो कहा है वो करेंगे और उसे बताएंगे।

धारा 370 हटाने समेत केंद्र सरकार के अन्य फैसलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो कहा उसे पूरा किया। राज्य सरकार के मिशन 2030 पर चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि 2030 से पहले 2023 आता है।

000

केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सवाईमाधोपुर में भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक को सम्बोधित किया। उन्होंने राज्य की कांग्रेस सरकार की विफलताओं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा

चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता को बताने पर जोर दिया। बैठक में टोंक–सवाईमाधोपुर सांसद सुखबीर सिंह जोनापुरिया और पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

000

भारत दर्शन यात्रा के तहत कश्मीर घाटी के 26 विद्यार्थियों ने आज जयपुर के राजभवन में संविधान उद्यान का भ्रमण किया। बाद में उन्होंने राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात कर संविधान निर्माण और उसे लागू किए जाने की यात्रा के विभिन्न चरणों की जानकारी ली। राज्यपाल ने मूल संविधान की प्रति में उकेरे गए चित्रों, संविधान की धाराओं, संविधान में समान नागरिक संहिता के बारे में बच्चों को जानकारी दी। इससे पहले सीमा क्षेत्र पर कार्यरत सेना की 21 वीं बटालियन के नजूद्दीन खान ने भारत दर्शन कार्यक्रम के बारे में बताया।

000

राज्य के निर्वाचन विभाग ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन कर दिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में 6 लाख 96 हजार 424 मतदाताओं की बढोतरी हुई है। अब प्रदेश में कुल 5 करोड़ 26 लाख 80 हजार 545 मतदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि नयी मतदाता सूची निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इस बार के चुनाव में बुजुर्ग, दिव्यांग और बीमार मतदाताओं को घर से वोट डालने की सुविधा दी जायेगी।

000

जयपुर में आज से सुशासन पर दो दिन का क्षेत्रीय सम्मेलन शुरू हुआ। इसका उद्घाटन केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि लोक सेवकों को इस बात पर विशेष ध्यान देना चाहिए कि लोगों के जीवन मे कैसे बदलाव आए। उन्होंने कहा कि तकनीक के उपयोग से गवर्नेन्स में भी बड़ा बदलाव आया है और पारदर्शिता बढ़ी है। सम्मेलन के उद्घाटन के बाद मीडिया से बातचीत में श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने काम करने की संस्कृति को बदला है, जिससे लोगों का जीवन आसान हुआ है। दस्तावेजों के स्वप्रमाणीकरण के निर्णय का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस निर्णय से करोड़ों युवाओं की तकलीफें कम हुई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से लाये गए प्रशासनिक सुधार कार्यों से भी समाज पर बड़ा सकारात्मक प्रभाव हुआ है।

..................

केंद्रीय प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के सचिव वी. श्रीनिवास ने बताया कि गुड गवर्नेंस पर यह 25 वां क्षेत्रीय सम्मेलन है। इस सम्मेलन में पुरस्कार विजेता प्रशासनिक अधिकारी भाग लेते हैं जो अपने अनुभव साझा करते हैं।

**0000**

शाहपुरा में क्रांतिकारी बारहठ बंधुओं के पैनोरमा निर्माण के लिए आज भूमि पूजन किया गया। राजस्व मंत्री रामलाल जाट इस अवसर पर मौजूद थे। बारहठ पैनोरमा के निर्माण से युवा केसरीसिंह, जोरावर सिंह और प्रतापसिंह बारहठ की स्वतंत्रता संग्राम में भागीदारी और उनके इतिहास को जान पाएंगे। राज्य सरकार द्वारा राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अंतर्गत 4 करोड़ रूपये की लागत से ये पैनारोमा बनाया जाएगा।

000

दौसा में आज 20 बुनकरों को निशुल्क अंबर चरखों का वितरण किया गया। इन अंबर चरखो का बाजार मूल्य करीब 20 से 25 हजार रुपए है। इन अम्बर चरखों के माध्यम से कातिनें और बुनकर आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेंगे और कम मेहनत में अधिक उत्पादन कर सकेंगे। पहले के चरखों में कातिन और बुनकर एक बार में एक ही सूत कात सकते थे लेकिन अंबर चरखों से एक बार में 8 सूत काते जा सकेंगे। राजस्थान खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा इस अवसर पर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि दौसा में तिरंगे का कपड़ा बनाया जाता है लेकिन इसे प्रोसेसिंग के लिए हुबली भेजा जाता है इसलिये 2025 तक दौसा में ही तिरंगे की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।

000